Seventeenth Loksabha

an>

Ttile: Regarding reservation of SCs, STs and OBCs in Private Sector.

डॉ. हिना विजयकुमार गावीत (नन्दुरबार): सभापति महोदय, आपने मुझे अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं ।

सभापति महोदय, आज देश में निजी क्षेत्र में बड़ी मात्रा में बढ़ोत्तरी हो रही है । माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में आज मेक इन इंडिया के तहत कई प्राइवेट कंपनीज हमारे देश में आकर इनवेस्टमेंट कर रही हैं और एक्सपैंशन भी कर रही हैं । केन्द्र सरकार ने सवर्णों को निजी क्षेत्रों में 10 प्रतिशत आरक्षण घोषित किया है । मैं एक जनजातीय क्षेत्र से सांसद हूं । आज जनजातीय क्षेत्र में एससी, एसटी, ओबीसी - सभी नौजवान अलग-अलग प्रकार की शिक्षा स्किल इंडिया के माध्यम से ले रहे हैं, लेकिन निजी क्षेत्रों में एससी, एसटी और ओबीसी के लिए कोई आरक्षण न होने के कारण, उन पर एक प्रकार से अन्याय हो रहा है ।

मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करती हूं कि एससी, एसटी और ओबीसी नौजवानों के लिए भी निजी क्षेत्र में आरक्षण का प्रावधान करें । धन्यवाद ।

माननीय सभापति :

श्री नारणभाई काछड़िया और

डॉ. किरिट पी. सोलंकी को डॉ. हिना विजयकुमार गावीत द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।